## कदाचार के आरोप में 28 पुलिसकर्मियों पर चलेगी विभागीय कार्रवाई

**रांची।** राज्य के 28 पुलिसकर्मियों पर एक साथ विभागीय कार्रवाई होगी। इनमें प्रताप साहू, मोहम्मद इरफान खान, सुजीत चौबे, ओम प्रकाश, विनय रंजन उपाध्याय, चंद्रशेखर तिवारी, अमित कुमार सिंह, पुष्पा कुमारी, अजय कुमार सिंह, मोहम्मद शाहिद हैदर, प्रियंका कुमारी, सुधाकर कुमार, हरिपद महतो, परमेश्वर उरांव, संदीप प्रताप सिंह, रूपसेन प्रमाणिक, चंद्रशेखर राव, हरेंद्र कुमार, लोदरो हेंब्रम, अनमोल कुमार, विनय पासवान, शैलेश कुमार, मनीष कुमार, संटू कुमार, उषा रानी महतो, सुरेश दांगी, मुकेश कुमार झा और सुधीर कुमार शामिल हैं। बता दें कि टीटीएस जमशेदपुर में 16 फरवरी को आयोजित द्वितीय पाली पीटीएस प्रशिक्षण के पेपर सात के दौरान केंद्र अधीक्षक डीएसपी जयश्री कुजुर ने कुल 28 पुलिसकर्मियों को कदाचार करते हुए पकड़ा था। जिसके बाद आईजी ट्रेनिंग ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने का आदेश दिया है।

### विधानसभा में होली मिलन आयोजित, सीएम-स्पीकर ने उड़ाया अबीर गुलाल

# विपक्ष ने नियोजन नीति के विरोध में होली मिलन समारोह का किया विरोध

**सत्ता पक्ष के भी अधिसंख्य विधायक होली मिलन समारोह से रहे नदारद**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में शनिवार को स्पीकर रवीन्द्र नाथ महतो ने होली मिलन समरोह का आयोजन किया था। इसमें सीएम हेमंत सोरेन ने फाग की तान छेड़ी और जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया लेकिन, विपक्षी विधायकों ने इस होली मिलन समारोह का बहिष्कार दिया। दरअसल, विपक्षी विधायक नियोजन नीति में कैबिनेट के संशोधन का विरोध कर रहे थे। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही निर्धारित समय से सवा घंटे पहले ही समाप्त हो गयी थी। इससे पहले स्पीकर ने सभी विधायकों से होली मिलन समरोह में शामिल होने का आग्रह किया, लेकिन विपक्ष के विधायक होली मिलन समारोह में शामिल नहीं हुये।



दरअसल पहली पाली में ही भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सदन में यह घोषणा की थी कि यदि नियोजन नीति पर सीएम सदन में वक्तव्य नहीं देंगे तो विपक्ष होली मिलन समारोह का बहिष्कार करेंगे। उनका कहना था कि राज्य के युवाओं के चेहरे का रंग नियोजन नीति लागू नहीं होने से उड़ा हुआ है। हम रंग गुलाल कैसे खेलें। विधायक नीरा यादव ने कहा कि इस सरकार को अपनी जेब भरने से मतलब है। जनता से कोई लेना देना नहीं है। इस दौरान सत्ता पक्ष के भी अधिकांश विधायक नदारद रहे।

**सीएम और स्पीकर ने होली की शुभकामनाएं दी**

होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्पीकर रविन्द्र नाथ महतो, विधायक अनूप सिंह, इरफान अंसारी, प्रदीप यादव, शिल्पी नेहा तिर्की आदि शामिल हुए। मुख्यमंत्री और स्पीकर ने झाल बजाकर गीत गाया तो विधायक प्रदीप यादव ने तबले पर संगत की। विधायक इरफान अंसारी और अनूप सिंह ने भी झाल बजाकर होली खेली। स्पीकर और मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने जनता सहित देशवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली का पवित्र त्योहार राज्यवासियों के जीवन में खुशियों का नया-नया रंग लेकर आये। ईश्वर से यही कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड की समस्त जनता साथ मिलकर रंग-रूप, गरीबी-अमीरी, जाति-धर्म से ऊपर उठकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम करें।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## स्कूल-कॉलेजों में होली मिलन समारोह





### एपिसेंटर से 1 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित होगा सर्वेक्षण

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद उपायुक्त ने एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम गठित की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेल मोड़ स्थित पुराना अतिथि गृह रांची नगर निगम वार्ड-19 में बर्ड फ्लू से मुर्गों की मौत की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन ने एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर 7 रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारी सहित 4 सदस्य हैं।

एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा जेल मोड़ रांची नगर निगम वार्ड नंबर-19 के शेष बचे कुक्कुटों की वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद



संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है।

रैपिड रिस्पांस टीम एक्शन प्लान के आलोक में एपिसेंटर से 1 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण कार्य करेगी ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों को मारने के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम द्वारा एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएेजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा।

**निम्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य करेगी रैपिड रिस्पांस टीम**

1. जेल मोड, नगड़ाटोली, वर्धमान कंपाउंड, लालपुर, प्लाजा चौक, लोहराकोचा।
2. जेल मोड़ से अपर बाजार करमटोली, लोअर करमटोली एवं करमटोली चौक तक।
3. जेल मोड़ से कचहरी चौक, राजभवन, रातू रोड चौक, मुख्यमंत्री आवास, मोरहाबादी।
4. जेल मोड़ से कचहरी रोड, चडरी, फिरायालाल, वार्ड नंबर 19 जेल मोड के 1 किलोमीटर की परिधि में।

**संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट/कुक्कुट उत्पाद, अंडा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर रोक**

जेल मोड के बगल स्थित पुराना अतिथि गृह (संक्रमित क्षेत्र) रांची नगर निगम वार्ड नं०-19 में मृत कुक्कुट में जाँच के उपरान्त आइसीएआर निहसाद भोपाल के द्वारा एच 5 एन 1 एवियन इन्फ्लूएंजा की पृष्टि हुई है। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एहतियात के तौर पर जेल मोड़ (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा का खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

# बर्ड फ्लू से डरना नहीं है, सतर्क रहें : बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य भर में कमोबेश हर जिले में बर्ड फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। बोकारो में एक साथ हजारों मुर्गियों के मरने की जो खबरें आनी शुरू हुई हैं, वह केस रांची तक पहुंच चुका है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने लोगों से नहीं घबराने को कहा है। शनिवार को विधानसभा परिसर में मीडिया के सवालों पर उन्होंने कहा कि अखबारों में बर्ड फ्लू की खबरें आ रही हैं, पशुपालन मंत्री और विभाग सारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। डरने की बात नहीं है।

मालूम हो कि बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, दुमका और अन्य जिलों के साथ साथ राजधानी रांची में भी बर्ड फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं। फिलहाल पशुपालन निदेशालय की ओर से जेल मोड़ चौक के एक किमी की परिधि में आनेवाले मुर्गियों का सर्वे करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया गया है। इस दायरे में आने वाली सभी मुर्गियों को मारे जाने की तैयारी है। साथ ही 10 किमी क्षेत्र को सर्विलांस घोषित कर दिया गया है।

**राजधानी के इन इलाकों में बढ़ी निगरानी** : जिला पशुपालन पदाधिकारी, रांची की ओर से लालपुर बाजार, मोरहाबादी, कांटा टोली, डेली मार्केट सहित अन्य हिस्सों में निगरानी बढाई जा रही है। रामगढ़ जिले के गिद्दी सहित अन्य इलाकों में बड़ी संख्या में कौवों के मरकर जमीन पर गिरने की खबर ने और चिंता बढ़ा दी है। फिलहाल पशुपालन निदेशालय ने सभी जिलों में निगरानी बढ़ाने के अलावा हर दिन जरूरी रिपोर्ट देने का निर्देश जिलों को दिया है।

## खबर एक नजर में

### बीआरसी रांची में रिटायर शिक्षक सम्मानित



रांची। शिक्षक और कर्मियों के रिटायरमेंट के बाद शनिवार को प्रखंड संसाधन केंद्र रांची में सेवानिवृत्ति उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वैसे शिक्षक और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जो फरवरी महीने में रिटायर हो गए थे। इनमें विवेकानंद झा, रामा शंकर प्रसाद, नदीम अशरफ, जसवंत जॉन्स वारला, बसंती एक्का, रघुवंश प्रसाद सिंह, फुलमनी महतो, ब्रशदेव प्रसाद, राजेंद्र शाह और पूर्णिमा कुमारी को सेवानिवृत्ति के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने सम्मानित किया।

### कोल एम्पलॉइज वेलफेयर एसो. को मिला ऑफिस

**रांची।** सीसीएल मुख्याल में बैकवर्ड क्लास (ओबीसी) कोल एम्पलॉइज वेलफेयर एसोसिएशन को शनिवार को रूम आवंटित कर दिया गया। इस मौके पर ओबीसी कोल इंडिया के महा सचिव जय बहादुर सिंह, दीपक कुमार, (मुख्यालय) अध्यक्ष विकास कुमार , सचिव ऋतु नोनिया उपस्थित थे। सीसीएल के (सीएमडी) और जीएम ( आईआर) ने ओबीसी पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि अब ( ओबीसी) का काम सुचारू रूप से चलेगा।

### पत्नीहंता हबूब इमाम को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने पत्नी की हत्या कर लाश छुपाने के मामले के अभियुक्त महबूब आलम को दोषी पाकर उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अभियुक्त पिठोरिया थाना अंतर्गत करकट्टा गांव निवासी है। उस पर शादीशुदा होने के बावजूद धोखा देकर गुलशन परवीन नामक महिला से शादी करने एवं भेद खुलने पर उसे पत्थर से मारकर उसकी हत्या करने का आरोप था। घटना को अंजाम पांच जुलाई 2019 को दिया था।

### विद्यापति स्मारक समिति ने किया होली मिलन



**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के तत्वावधान में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मैथिल कलाकारों के द्वारा होली गीत प्रस्तुत किया गया। गीत संगीत के बीच में अबीर-गुलाल एक दूसरे को होली की बधाई दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने की। इस कार्यक्रम में महासचिव उदित नारायण ठाकुर, बीके झा, संजीव कुमार मिश्रा, अशोक मिश्रा, रविकांत झा, श्रेष्ठनारायण झा, अमरेन्द्र मोहन झा, संतोष झा, दिलीप झा, योगेश कुमार झा, दीपक गुप्ता, बाना मुंडा, रंजीत लाल दास, सत्यनारायण लकड़ा, विमल कच्छप आदि ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन का होली मिलन



**रांची।** आइएमए हॉल में डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सीमा महेश्वरी ने किया। चेयरपर्सन विनीता शरण एवं को-चेयरपर्सन झूमा सरकार ने सदस्यों को अबीर लगाकर होली की बधाई दी। फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से डॉक्टर श्वेता लाल जी को सम्मानित किया गया। होली के लजीज व्यंजनों का भी सदस्यों ने खूब लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मधु गुप्ता, रश्मि सिन्हा, नीता सहाय, आरती सिंह, शोभा कुमार, पूनम झा, मुन्ना पाल ,मोनीदीपा सरकार, मंजू खेतान, डॉक्टर सोनी, डॉ आराधना सेनापति, डॉ साक्षी सिंह, डॉ रश्मि सिंह, डॉ अनु कुमारी, सीमा मिश्रा, सुषमा मिश्रा, रिमी कुमारी ,मधु गुप्ता, बिंदु प्रसाद ,कमलेश मिद्धा, वंदना प्रसाद , श्रीला चौधरी, रिंकू चौधरी, श्वेता रंजन, सुमिता कुमार, अमृता वैद्य, रंजना जैन, अंजू सिंह, श्रावोणी गांगुली, शिवानी साहू, अर्चना जगनानी, विभा सिंह, मोनीदीपा दासगुप्ता, रुखसाना बानो, डॉ तनु अग्रवाल, डॉ स्वाति अडूकिया, डॉ विनीता सिन्हा, डॉ निर्मला सिंह , देवस्मिता बासु, सुप्रिया ठाकुर, रिद्धिमा मित्तल, संचिता मुखर्जी, रिंकू बनर्जी, उमा सेनगुप्ता , रेखा मिश्रा, निर्मला रमन, तबस्सुम हसन, सुनीता सिन्हा, वीणा साहू , सुनीता मनसरिया, डॉ अर्पिता मिश्रा, डॉ श्वेता लाल, डॉ स्मिता, श्वेता सुरभि, डॉ सुषमा सिन्हा ,सविता रानी, नंदिता गुप्ता, बलाका राय, डॉ रंजू सिन्हा, शालिनी गुप्ता, आस्था जैन, सविता जरिका, श्वेता सुरभि डॉक्टर रिचा सिंह, वंदना सिंह शामिल थीं।

### मृत व्यक्ति के नाम पर निकाला फर्जी स्टांप पेपर

रांची। राजेश कसेरा ने अपर बाजार, रांची स्थित होजियरी कलेक्शन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेस क्लब में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनके पूर्वज हरिबक्श पोद्दार का निधन 10 मई 1973 को हुआ था। उनके गुजरने के बाद जालसाजों ने उनके नाम से फर्जी स्टांप पेपर निकालकर दुरूपयोग किया है। पोद्दार का नकली हस्ताक्षर कर फर्जी लीज एग्रीमेंट भी तैयार किया गया है। इस संबंध में बिजली बिल और अन्य कागजातों को पेश करते कसेरा ने कहा कि अपर बाजार स्थित होजियरी कलेक्शन के नाम से रांची नगर निगम से फर्जी दस्तावेज के आधार पर ट्रेड लाइसेंस हासिल किया गया है। प्रकाश रूंगटा और कोमल रूंगटा को इसके लिए दोषी मानते उन्होंने दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग सरकार से की है। साथ ही रांची नगर निगम के नगर आयुक्त को मामले की जांच करने की भी लिखित रूप से अपील की है।

### पुलिस और श्रम विभाग का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा तमिलनाडु

# तमिलनाडु में अधिकारियों से मिले और प्रवासी श्रमिकों का हाल जाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए झारखंड पुलिस और श्रम विभाग के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार शाम तमिलनाडु पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों और प्रवासी श्रमिकों से बातचीत कर उनका हाल जाना।

वहां के अधिकारियों ने बताया कि एक पुराने मामले के तथाकथित घटना का वीडियो सोशल मीडिया द्वारा वायरल किया गया है। प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा तमिलनाडु सरकार के लिए सर्वोपरि है। प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया गया कि सावधानी बरतते हुए उत्तर की दिशा में जाने वाली ट्रेनों में आरपीएफ के अतिरिक्त बल को तैनात करने का निर्देश भी तमिलनाडु सरकार ने दिया है।

**सीएम ने दिया हर संभव सहायता करने का निर्देश** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रम विभाग और झारखण्ड पुलिस को तमिलनाडु सरकार के संबंधित अधिकारियों से निरंतर संपर्क स्थापित कर प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और जरूरत पड़ने पर प्रवासी श्रमिकों की राज्य वापसी का निर्देश भी दिया है। सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य के विभिन्न प्रवासी श्रमिक समूहों से मुलाकात की। तथा उन कार्यस्थलों का भी दौरा किया, जहां से झारखंड के प्रवासी नियंत्रण कक्ष को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था।

### कांके रोड पर श्यामनगर में महिला एसएचजी संचालित सेनेटरी नैपकीन फैक्ट्री का लोकार्पण

# नारी शक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत बनायेगा लायंस वनिता कुटीर उद्योग

**सांसद संजय सेठ ने इस पहल का किया स्वागत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महिलाओं का, महिलाओं के लिए और महिलाओं द्वारा। इसी सूत्र वाक्य पर लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की पहल पर सोहन लाल बंसल परिवार के सौजन्य से वनिता कुटीर उद्योग द्वारा स्थापित सेनेटरी पैड इंडस्ट्री का लोकार्पण सांसद संजय सेठ द्वारा किया गया। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन सुनीता अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति और भारी संख्या में जुटी वनिता एसएचजी की महिलाओं की हर्षध्वनि के बीच पहला उत्पाद सामने आते ही वहां पधारे तमाम अतिथियों व अन्य लोगों ने नारी शक्ति की जय हो कहा। लायन सुनीता अग्रवाल ने



मंच से 10 वेंडिंग मशीन विभिन्न स्कूल और कॉलेजों में लगाने की घोषणा की। इसका लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल समेत सभी मेंबर और अतिथि व नगरवासियों ने स्वागत किया।

संजय सेठ इसे पूरे झारखंड के लिए एक नजीर बताते हुए महिलाओं को सृजन की शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि वनिता कुटीर उद्योग सही मायने में समाजसेवा करने जा रहा है, क्योंकि सेनेटरी पैड लाभ कमाने का जरिया नहीं होगा, बल्कि समाज की गरीब महिलाओं के लिए एक उपहार होगा। वनिता का सेनेटरी पैड गुणवत्ता में सर्वोत्तम होगा और हर किसी को आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड के इस्तेमाल के लिए जरूरी प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने लायंस क्लब और बंसल परिवार को वनिता के माध्यम से नारी सश्कतीकरण की दिशा में किये गए प्रयास की सराहना की। खुद को एक लायन होने का जिक्र करते हुए संजय सेठ ने कहा कि ऐसी सेवाएं उनके दिल से जुड़ी हुई हैं। महिलाएं राष्ट्र के विकास में सहायक हैं और उनमें सृजन की शक्ति है। इस परियोजना का लाभ महिलाओं को व्यापक रूप से मिलेगा। मौके पर संजय सेठ, रांची सांसद, संजीव विजयवर्गीय, डिप्टी मेयर, कमल जैन, प्रथम उप जिलापाल अनुपमा लोचन, रीजन चेयरपर्सन नेमी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, झारखंड चैंबर अध्यक्ष, सुनील माथुर, सचिव, अमर चंद बेगानी, कोषाध्यक्ष भारतेंदु झा, उपाध्यक्ष अमरजीत गिरिधर, राम कृष्ण और लायन रवि आनंद आदि मौजूद रहे।

### सुरेश अलबेला, अरुण जैमिनी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु, केसरदेव मारवाड़ी एवं गौरी मिश्रा होंगे शामिल

# 6 को मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन

**मारवाड़ी भवन हरमू रोड में रात्रि 9:30 बजे से होगा हास्य कवि सम्मेलन का शुभारंभ, आयोजन स्थल पर 3000 लोगों के बैठने की है व्यवस्था**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** होली के अवसर पर हर आम व खास को होली के विशेष कार्यक्रम हास्य कवि सम्मेलन का इंतजार होता है। होली पर्व के तिथि की निकटता के साथ ही लोगों का चिरप्रतीक्षित कार्यक्रम 06 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में कवि सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से आयोजित किया जा रहै है। रात 9:30 बजे से शुरु इस हास्य कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कवि सुरेश




अलबेला,अरुण जैमिनी, विनीत चौहान,राव अजातशत्रु , केसर देव मारवाड़ी एवं कवयिक्षी गौरी मिश्रा अपनी कविताओं की प्रस्तुति से लोगों को हंसाएंगे। उक्त तमाम कवि हास्य रस, वीर रस वश्रृंगार रस की कविताओं की प्रस्तुति सेश्रोताओं को हंसी के ठहाके लगाने को बाध्य करेंगा। साथ ही तीखे वाण व्यग्य का मधुर संगम होगा। उक्त जानकारी कवि सम्मेलन आयोजन समिति के मुख्य संयोजक ललित कुमार पोद्दार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में दी।

बताया कि विगत आठ साल से रांची में समिति द्वारा ख्याति प्राप्त काका हथरसी, निर्भय हथरसी, शैल चतुर्वेदी, सुरेन्द्र शर्मा, अशोक चक्रधर, प्रदीप चौबे, प्रभा ठाकुर, माया गोविंद, प्रदीप फौजदार, डॉ सुनील जोगी, मुन्ना बैटरी, शंभु शिखर, गौरव चौहान, अब्दुल गफ्फार, सुदीप भोला, सुमन दुबे, अंकिता सिंह, कविता तिवारी, समेत देश के कई नामी गिरामी कवि भाग ले चुके हैं। 2019 में विख्यात कवि कुमार विश्वास भी तशरीफ ला चुके है।

समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि कवि सम्मेलन पूर्णतः निःशुल्क है। आयोजन स्थल में 3000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

आयोजन स्थल में कुर्सियों की व्यवस्था पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर की गयी है। दर्शकों की सुविधा के लिए एलईडी भी लगाए गए हैं। पेयजल, जलपान एवं ठंडाई का विशेष काउंटर की व्यवस्था की गया है। उपस्थित लोगों में समिति के सचिव पवन पोद्दार, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, अशोक नारसरिया, कमल कुमार जैन ने भी कवि सम्मेलन के आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। बताया कि समिति का यह सातवां हास्य कवि सम्मेलन है। इस कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद सोमानी तथा कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता पुनीत पोद्दार होंगे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, सचिव पवन पोद्दार, मुख्य संयोजक ललित कुमार पोद्दार, पवन कुमार शर्मा, मनोज बजाज, अशोक कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, अनूप कुमार अग्रवाल, कमल कुमार जैन, किशोर कुमार मंत्री, पुनीत अग्रवाल, पुनीत पोद्दार, रतन कुमार मोर, राजेश भरतिया एवं संजय सर्राफ सहित अन्य सदस्य पूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### अधिवक्ताओं ने खूब उड़ाया अबीर-गुलाल

**रांची।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से शनिवार को नए बार भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां बांटी गई। जजों और वकीलों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। महिला अधिवक्ताओं ने भी जमकर होली खेली। सभी काम के टेंशन से दूर रंगों की मस्ती में सराबोर नजर आये। महासचिव संजय कुमार विद्रोही समेत अन्य वकीलों ने होली के गीत गाये। समारोह में प्रधान न्यायायुक्त एके राय, फैमिली कोर्ट जज रसिकेश कुमार समेत न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, बीके राय, पवन रंजन खत्री, प्रदीप कुमार चौरसिया, मुकेश कुमार केसरी, दीनदयाल सिंह, बीरेंद्र प्रताप, असीम कच्छप, सुरोजीत कुमार रॉय, ज्योति कुमारी, सोसन नाग, शंकर कुमार शर्मा, राम कृष्ण भगत, संजय कुमार तिवारी, जितेंद्र कुमार, पीपी एवं एपीपी ने होली खेली। इसके बाद सभी ने लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया।

## कोर कमिटी की बैठक में पार्टी हित में कई अहम बिंदुओं पर विचार विमर्श

# झारखंड पार्टी अब आयेगी पुराने अंदाज में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पार्टी एक बार फिर से अंदाज पुराना तेवर नया के साथ राज्य में आएगी। पार्टी जन समस्याओं को लेकर लोगों तक पहुंच रही है। माटी की पार्टी से जुड़े आंदोलनकारी, जनमुद्दों की वकालत करने वाले पार्टी से जुड़े केन्द्रीय कमिटी अधिकारी एवं विभिन्न जिलों से आए जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं महासचिवों द्वारा शनिवार को रिंग रोड तिलता चौक के पास धरोहर बैंक्वट हॉल में कोर कमिटी की बैठक में पार्टी हित में कई अहम बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया। झारखंड पार्टी के द्वारा सिमडेगा, कोलेबिरा, खूंटी, तोरपा , लोहरदगा, गुमला , रांची, रामगढ़ समेत संथाल परगना जिलों में संगठन विस्तार किया जाएगा। तय किया गया कि पार्टी फिर से अंदाज पुराना तेवर नया रूप से आदिवासी, मूलवासी, अल्पसंख्यकों, गरीब गुरबों और वंचितों की आवाज बनेगी और एक विकल्प बन कर राज्य के सभी जिलों में उभरेगी। झारखंड पार्टी का अधिवेशन इस माह के अंत तक कर निर्वाचन आयोग को जानकारी भेजा जाएगा। पांच सदस्य समिति बैठक के माध्यम से अधिवेशन की तिथि तय करेगी। पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का से पांच सदस्य टीम मिलेगी और अधिवेशन, संगठन विस्तार एवं पार्टी कोष जैसे बिन्दुओं पर सुझाव लेगी। कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व महाधिवकता अजित कुमार ने कहा कि झापा को पहले की तरह लोकप्रिय बनाने के लिए राजनीतिक, सामाजिक प्रशासनिक अधिकारियों जैसे लोगों के चर्चित चेहरों को सामने आना होगा। पार्टी के द्वारा 1932 खतियान, स्थानीय व नियोजन नीति, भाषा व झारखंड वासियो के हक अधिकार के लिए सड्क से लेकर सत्ता तक के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रणनीति बनायी गयी। पार्टी के द्वारा बेरोजगारों, बुजुर्गों, महिलाओं, उद्यमियों और युवाओं को सहायता सुविधा के लिए ठोस कदम उठाया जाएगा। बैठक में झापा नेताओं ने संगठन विस्तार, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नामों की सहमति, संसाधन और पार्टी हित में विभिन्न कमिटी के गठन और जिम्मेदारी पर निर्णय लिया गया।

बैठक में वरीय अधिकारी मो रिजवान, अलेसटर बोदरा, विजय गुड़िया, अर्पणा हंस, उमेश पांडे, मतियस बागे, मसीह दास गुड़िया अंशु लकडा,संदेश एक्का, आइरिन एक्का, पवन तिग्गा, आलोक एक्का, संतोष महतो समेत विभिन्न जिलों से आए कमिटी सदस्य उपस्थित रहे।

### डीएसपीएमयू में होली मिलन समारोह आयोजित

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएयू) में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की महिला शिक्षिकाओं और शिक्षकेत्तर कर्मियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास के अलावा सभी शिक्षक और कर्मी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय में महिला शिक्षिकाओं द्वारा पहली बार होली समारोह के आयोजन की पहल की गई है। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह पहल काफी अच्छी है और आगे यह परंपरा बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्योहार जहां हमें उल्लास और खुशी का संकेत देता है वही दूसरी ओर सामूहिकता का भी पैगाम देता है।

## सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में विवि निरंतर अग्रणी रहेगा : वीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एनएसएस विंग और डिस्ट्रिक्ट टीबी सेल रांची के संयुक्त सौजन्य से 10 टीबी मरीजों को लगातार 6 माह तक फूड पैकेट वितरित करने के अभियान की शुरूआत की गई। इस योजना के क्रियान्वयन में पहल करने का श्रेय डीएसपीएमयू को जाता है। इस अभियान की शुरूआत और 10 टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट को वितरित करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हमारे नियमित अकादमिक दायित्वों के निर्वहन के साथ साथ समाज के ऐसे वर्गों के लिए जो अस्वस्थ है और जिन्हें सहायता की आवश्यकता है। उनके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन हमेशा अग्रणी रहा है और सकारात्मक सोच रखता आया है। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना में आंशिक योगदान भी पूरे भारतवर्ष को टीबी मुक्त भारत बना देगा। उन्होंने कहा की उन्हें इस बात की खुशी है कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को इस कार्य में अपनी आंशिक भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त हुआ हुआ। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने वहां उपस्थित 10 टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ शमा सोनाली, डॉ विनय भरत, डॉ शालिनी लाल और डॉ शुचि बरवार के अलावा राज्य टीबी अधिकारी डॉ रंजीत प्रसाद और अमरेश चौधरी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी

## इपीएस छात्रों की प्रस्तुति उनके टैलेंट की झलक : साबिर हुसैन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** ई.पी.एस इंडिया स्कूल ने शनिवार को अंजुमन इस्लामिया हॉल में अपना पहला वार्षिक दिवस कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आई-एफए इंटरनेशनल के निदेशक साबिर हुसैन निदेशक थे। कार्यक्रम में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने एकल व समूह में नृत्य संगीत की प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया। निदेशक शरीक अबरार ने सभी छात्रों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। ईपीएस इंडिया के सभी टीम के सदस्य समारोह में उपस्थित थे। जिसमें निदेशक शारिक अबरार, अकादमिक प्रभारी मिस आफरीन आजाद, मरिया परवीन, शबाना नाज, सना आफरीन, अलिशा परवीन, नेलोफर, हाफिज शकील अहमद, आलीमा निखत आदि शामिल थीं। मुख्य अतिथि सबिर हुसैन ने ई.पी.एस इंडिया के छात्रों के प्रस्तुत इवेंटों की सराहना करते हुए उसे ई.पी.एस इंडिया के छात्रों का टैलेंट बताया। उनकी प्रस्तुति स्टूडेट्स के अभ्यास व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। साथ ही उन्होने छात्रों के साथ अपने करियर के अनुभव साझा किए। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि एक मजबूत व अच्छा करियर बनाने के लिए प्रत्येक स्टूडेंट्स को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने की जरुरत है। कार्यक्रम में आयशा फारुकी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर घोषित किया गया। जबकि युशारा फातिमा और अनाबिया तहसीन को स्टार स्टूडेंट् का खिताब दिया गया। मारिया परवीन को टीचर्स ऑफ द ईयर दिया गया।

### आरयू में होली पर रंगोत्सव का शानदार आयोजन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में होली पर रंगोत्सव कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया। इसमें परफार्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग के छात्रों कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम रंगोत्सव का शुभारंभ कुलपति और अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रंगोत्सव कार्यक्रम में छात्रों की प्रस्तुति से प्रसन्न कुलपति ने सबों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, डॉ बीआर झा, स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो. डॉ बीपी सिन्हा, विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, सैकड़ों छात्र एवं कलाप्रेमी उपस्थित थे।

## श्री श्याम प्रभु के भव्य नयनाभिराम श्रृंगार से धन्य हुए भक्तगण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव का शनिवार को तीसरे दिन अग्रसेन पथ स्थित श्याम मन्दिर में भव्य समापन हुआ । इस अवसर पर रजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का भव्य एवम नयनाभिराम श्रृंगार किया गया । अहले सुबह से ही श्री श्याम प्रभु के द्वादशी दर्शन के लिए अपार जनसमूह उमड़ पड़ा । सम्पूर्ण दिवस भक्तगण कतारबद्ध होकर श्री श्याम प्रभु का दर्शन कर ज्योत में आहूति प्रदान कर रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया जो सम्पूर्ण दिवस प्रसाद रूपी मन्दिर में प्रारंभ से भक्तगण के बीच वितरण किया गया। साथ ही सम्पूर्ण दिवस श्री श्याम मन्दिर का परिसर श्याम प्रभु के जयकारों से गुंजायमान रहा। भक्तों द्वारा 401 सवामणि का भोग श्याम प्रभु को निवेदित किया गया। रात्रि 10 बजे महाआरती के पश्चात तीन दिवसीय श्री श्याम सतरंगी महोत्सव का समापन किया गया। श्री श्याम मण्डल के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, बालकिशन परसरामपुरिया, राकेश सारस्वत , चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, अरुण धनुका, अजय रूंगटा, महेश शर्मा, सुदर्शन चितलंगिया, मनोज सिंघानिया का विशेष सहयोग रहा ।

## झारखंड प्रदेश राजद मुख्यालय में होली मिलन समारोह मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान राजद मुख्यालय होलियाना मूड में नजर आया। फगुआ गीत पर उपस्थित नेता और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। साथ ही बिहार-झारखंड की सियासत और नेताओं पर भी गीत गाया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि रंगों के इस त्यौहार को सौहार्द के साथ मनाने की जरूरत है। हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव खासकर होली के त्योहार के लिए ही जाने जाते हैं। अपने सुप्रीमो के पद चिन्हों पर चलते हुए राजद मुख्यालय में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। रंजन ने कहा कि सभी गिले-शिकवे को भूलकर पार्टी को मजबूत करना है। उन्होंने देश समेत झारखंड-बिहार वासियों को होली की शुभकामनाएं दी है। प्रदेश मुख्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में रंजन यादव, डॉ मनोज कुमार, अनिता यादव, श्यामदास सिंह, विशु विशाल, मंतोष यादव, फिरोज अंसारी, इरफान अंसारी, गायत्री देवी, सीपी सोलंकी, सत्यकाम तिवारी सहित कई नेता मौजूद रहे।

### जल, जंगल, जमीन से जुड़ना ही हमारी संस्कृति : आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज

**रांची।** अंतर्मना 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा है कि जल, जंगल व जमीन से जुड़ना ही संस्कृति है। शनिवार को जैन मुनि प्रसन्न सागर जी महाराज भगवान महावीर आई केयर हॉस्पिटल के समक्ष स्थानीय लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीव दया का भाव हमारे चित्र में सदैव प्रचलित रहे। इसके लिए हमें जीव दया की कड़ी की शुरूआत जल, जंगल और जमीन के संरक्षण से करनी पड़ेगी। जल, जंगल और जमीन की रक्षा आदिवासी समुदाय का पहला सूत्र है। इस सूत्र के पीछे भी धर्म का मर्म छुपा हुआ है। हम जैन समुदाय के लोग वृक्ष को काटना फूलों को तोड़ना जीव हत्या की श्रेणी में रखते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में किसी भी जीव के प्रति हिंसा का भाव आना निषिद्ध है। और साधु जीवन में अपरिग्रह की भावनाओं के मूल सूत्र का होना अति आवश्यक है। इसके पहले आदिवासी ग्रामीणों ने गुरु का स्वागत किया। दरअसल, भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में भारी संख्या में पतरातु, रातू, ठाकुर गांव, ओरमांझी, रामगढ़, भरकुंडा, बुंडू क्षेत्र के आदिवासी महिलाएं पुरुष स्वागत के लिए आये थे।लोक नृत्य एवं पारंपरिक तरीके से संघ का स्वागत किया गया। उन्होंने प्रकृति के स्वरूप धारण करने वाले तपस्वी मुनियों की वंदना की।

## ऑडियो-वीडियो के माध्यम से कही गयी बातों का होता है व्यापक असर : बिशप जोहान डांग

### गोस्सनर कॉलेज में फिल्म फेस्टिवल का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** क्लब रोड स्थित गोस्सनर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का समापन शनिवार को हुआ। मासकॉम की प्रो मीना सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य महुआ माझी रहीं। विशिष्ट अतिथि के रुप में गोस्सनर कॉलेज के चेयरमैन मॉडरेटर बिशप जोहन डांग रहे। साथ ही साहित्य व फिल्म मेकिंग जगत के जानी मानी हस्ती महादेव टोप्पो, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के सुदर्शन यादव, डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर दीपक बाड़ा और अनिल सिद्धार्थ समेत अन्य लोग शामिल थे। कॉलेज के चेयरमैन बिशप जोहन डांग ने कहा कि ऑडियो-वीडियो के माध्यम से कही गई बातों का असर हमेशा व्यापक होता है। महादेव टोप्पो ने स्टूडेंट्स के साथ अपने फिल्मी और साहित्यिक जगत तक पहुंचने के अनुभव साझा किए। बताया कि फिल्म जगत में एक फिल्म समीक्षक की भूमिका क्या होती है। इसी क्रम में उन्होंने यह भी बताया कि मौजूदा समय में झारखंड की कहानियां राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो रही हैं।

स्क्रीनिंग के दौरान झारखंड, बंगाल, ओड़िशा सहित कई राज्यों के स्टूडेंट्स द्वारा निर्मित शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और म्यूजिक वीडियो को प्रदर्शित किया गया। इसी क्रम में द बेगर शॉर्ट फिल्म के साथ स्क्रीनिंग का आगाज हुआ। स्क्रीनिंग के बाद दर्शकों व अतिथियों ने कई सवाल भी पूछे। कार्यक्रम में शॉर्ट फिल्मों के विभिन्न कैटेगरी में पात्र लोगों को सम्मानित भी किया गया।

## सामाजिक जीवन को निखारने में शिक्षा की अहम भूमिका : मौलाना आबिद रजा

### तहरीके बेदारी का 15वीं सभा (जलसा) संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** एदारा-ए-शरीया झारखंड व सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वावधान में डोरण्डा स्थित कुरैशी मुहल्ला मस्जिद -ए - मोहम्मदी में इस मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना राशिदुल कादरी की अध्यक्षता व मस्जिद कमिटी के पदाधिकारियों तथा कुरैशी पंचायत डोरंडा की निगरानी में तहरीके बेदारी का 15वां जलसा सफलता पूर्वक संपन्न हुआ जिसका संचालन मौलाना शम्स तबरेज ने किया। मौलाना आबिद रजा ने कहा कि नशा जहाँ सारे बुराईयों की जड़ है वहीं तिलक- दहेज भी सामाजिक बुराई का ऐसा हिस्सा है जो बेटी के पिता को कर्ज के बोझ से दबने को मजबूर कर देता है। अतः नशा व तिलक- दहेज को हराम करार देते हुए समाज को नशामुक्त करने एवं बिना तिलक-दहेज के शादी विवाह किए जाने का पैगाम दिए। सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के अध्यक्ष मौलाना डा. ताजुद्दीन रिजवी एवं मौलाना मो. फारूक ने अपने सम्बोधन में नशा एवं तिलक-दहेज से लोगों को दूर रहने की बात कही। मौलाना मंजूर हसन बरकाती एवं मौलाना अब्दुल्लाह खान ने शिक्षा पर जोर दिया। उज्जवल भविष्य एवं आदर्श समाज बनाने हेतु दीनी एवं दुनियावी दोनों तालीम देने का आह्वान किया। सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमिटी के प्रवक्ता मो. इसलाम एवं महासचिव अकीलुर्रहमान ने संयुक्त रूप से कहा है कि तहरीक-ए- बेदारी की 16 वीं सभा 05 मार्च को कांटा टोली स्थित रमजान कालोनी मस्जिद में 8 बजे रात्रि में रखी गई है। उसी दिन भावी कार्यक्रम की रुपरेखा के लिए हिंदपीढ़ी स्थित इस्लामी मरकज में दिन के 11 बजे दिन में उलेमाओं की अहम बैठक रखी गई है। मौके पर हाफिज शादाब मंजर, हाफिज अब्दुल गफार, मौलाना शम्स तबरेज, मौलाना आबिद हुसैन, मौलाना गुलाम फारूक, मौलाना शेर मोहम्मद कादरी, मौलाना अब्दुल सलाम, हुसैन,मौलाना शौकत अली, कारी शमशीर, हाफिज मो. कलीम, मौलाना अब्बास रिजवी, हाफिज मोजीब, मौलाना आफताब जेया, कारी व हाफिज मो. साबिर, हाफिज व कारी जावेद, मौलाना ओवेश रजा, मौलाना महमूदुल हसन,मौलाना मोबीन नाजिश, मौलाना समशाद, मुफ्ती सद्दाम हुसैन, मौलाना मनीर, हाफिज मोजीबुर्रहमान, मौलाना शैदा पलामवी, कारी अशरफुल्लाह, हाफिज मोजीब, हाफिज इम्तेयाज, मौलाना ताबे आलम, हाजी सईद कौसर, मौलाना गुफरान, मंजूर कुरैशी, इमरान रजा सहित विभिन्न संगठन के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### आइएसएम पुंदाग रांची में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**रांची।** आइएसएम, पुंदाग रांची में भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में 'विभिन्न विषयों के शिक्षण के लिए भारतीय भाषा में सामग्री निर्माण' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अजित कुमार सिन्हा ने कार्यशला की सफलता के लिए अपने शुभ संदेश भेजा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा देश के जन - जन पहुंचना हम सबों का परम कर्तव्य है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अमर कुमार चौधरी कुलसचिव, झारखण्ड प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय रांची ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करने से व्यक्ति का स्वाभिमान जागता है और देश शक्तिमान और प्रगतिशील के पथ पर अग्रसर होता है। समारोह के अध्यक्ष प्रो. आर. ए. के. वर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि देश में शोध, अनुसंधान और उद्यमशीलता के प्रति लोगों का रुझान काफी तेजी से बढ़ रहा है। यह जरूरी है कि युवाओं को समाज से जोड़ने के लिए उन्ही के भाषा में शिक्षा देना एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। संस्थान के निदेशक डॉ. गंगा प्रसाद सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विभिन्न विषयों के शिक्षण हेतु भारतीय भाषा में सामग्री निर्माण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को शोधपत्र, पुस्तक लेखन तथा पाठ्य-सामग्रियों को भारतीय भाषा में निर्माण करने पर उचित जानकारियां दी जाएगी। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता प्रो.(डॉ.) श्रीप्रकाश पांडेय, विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, बिहार विश्व विद्यालय, डॉ. सचिन कठाले, प्रशिक्षक एवं डॉ. एच.आर.विश्वास, प्रशिक्षक, संस्कृत भारती होंगे। कार्यक्रम में 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### मानवता की सेवा ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए : डॉ पॉल

**रांची।** ओल्ड एचबी रोड स्थित नाइल टावर में शनिवार को संध्या छह बजे गुड न्यूज सेंटर (जीएनसी) के तत्वावधान में आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी के तहत कुल 30 लोगों को ग्रेजुएशन की उपाधि प्रदान की गयी। बताते चलें कि जीएनसी द्वारा संचालित थियोलॉजी कॉलेज के माध्यम से समाज व प्रभु की सेवा में खुद को समर्पित करने वालों को आध्यात्मिक शिक्षा व व्यवहाकि ज्ञान के बाद उन्हें बैचलर ऑफ थियोलॉजी, डिप्लोमा इन थियोलॉजी और सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी की शिक्षा दी जाती है और पाठ्यक्रम पूरा होने पर उन्हें ग्रेजुएशन समारोह के तहत सर्टिफिकेट प्रदान कर धर्म, समाज की सेवा के माध्यम से प्रभु की सेवा के लिए अधिकृत किए जाने की घोषणा की जाती है। जीएनसी के डायरेक्टर डॉ राकेश पॉल ने समारोह में सभी को उनके पाठ्यक्रम के अनुरुप सर्टिफिकेट प्रदान किया। डॉ पॉल ने ग्रेजुएशन सेरेमनी में सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले तमाम लोगों का आह्वान किया कि आप सभी के जीवन का एकमात्र उद्देश्य मानवता की सेवा करना होना चाहिए। समारोह में अमेरिका के डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ पॉल के संबंधी रेव्ह ब्लैक, पास्टर पवन चौधरी, पास्टर पंडा, पास्टर सुशील रावत, पास्टर कमल महतो, पास्टर अजय होरो, लेनी पॉल आदि शामिल थीं।

### निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित

**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को होली की बधाई देते हुए सभी से आग्रह किया कि जल ही जीवन है इसलिए होली की खुशी में इसे अनावश्यक बर्बाद न करें। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी को गलत तरीके से रंग लगाकर व केमिकल से बने हुए रंगों का प्रयोग कर इसकी महत्व को खंडित नहीं करना चाहिए। मौके पर विद्यालय समिति की सचिव सीमा शर्मा ने बताया कि बहुत सारे लोगों को रंगों से एलर्जी भी होती है, जिसका हमें पूरी तरह से ध्यान रखना चाहिए। मौके पर उप प्राचार्य शिल्पी रानी, शिक्षक-शिक्षिका गोपाल चंद्र दास, सुधा राणा, निशा सिंह, शिवानी कुमारी, अनीमा इक्का, जीनत परवीन, वर्षा राणा, विशाल चंद्रा आदि थे।

### न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह

**रांची।** पासवा की ओर से शनिवार को न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल कांके में बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो रहे दसवीं के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, मेहुल कृष्णा उपस्थित थे। आलोक दूबे ने कहा जीवन की पहली परीक्षा आपके माता-पिता, गुरुजन रिश्तेदार एवं शुभचिंतकों की आशाओं की परीक्षा होती है और इसमें आपको सफल होना होता है। जीवन में सब कुछ हासिल हो सकता लेकिन छात्र जीवन दुबारा हासिल नहीं किया जा सकता। माता-पिता एवं गुरुजनों का हमेशा आदर करना और उनकी आज्ञा को सर्वोपरि माना सफलता की पहली कुंजी है। राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने कहा कि बच्चियां आज किसी से भी कम नहीं हैं। उन्होंने कहा स्कूल में आकर हम सब बचपन के युग में प्रवेश करते हैं उन्होंने कहा दसवीं के बोर्ड की परीक्षा दे रहे बच्चे भविष्य में अच्छा करें यही हम ईश्वर से कामना करते हैं। वहीं, राशीद अंसारी ने कहा कि यदि किसी भी चीज का अंत हो रहा है तो किसी अच्छे चीज का शुभारंभ भी आपके जीवन में हो रहा होता है। इस मौके पर निजी विद्यालयों के लगभग एक दर्जन संचालक भी मौजूद थे, जिसमें मुख्य रुप से उमेश केसरी, आसिफ, तौफीक आलम, प्रवीण कुमार, नफीस आलम ने भी अपने विचार प्रकट किए। विद्यालय की शिक्षिका हजीना खातून एवं फरहा नाज ने बोर्ड दे रहे बच्चों को मोटिवेट किया। कार्यक्रम का संचालन पासवा के सचिव अल्ताफ अंसारी ने किया।

### प्रदूषण मुक्त होली पर कवि सम्मेलन आयोजित

**रांची।** कहानिका हिन्दी पत्रिका स्विच आफ फाउंडेशन के सौजन्य से होटल सिटी पैलेस में शनिवार को प्रदूषण मुक्त होली पर कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुस्तक विमोचन सह सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पीके लाला, मुख्य अतिथि सरोज झा, पूर्व डीएसपी कामेश्वर कुमार कामेश उपस्थित थे। इसके अलावा उमेश वर्मा, श्याम कुंवर भारती, एनके पाठक एवं मधुमिता साहा मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरूआत रेणुका झा के गणेश वंदना के साथ हुई। संगीता सहाय द्वारा मधुर सरस्वती वंदना की गई फिर खुशबू वरनवाल ने स्वागत गीत गाकर समा बांध दिया। श्याम कुंवर भारती ने देवी गीत गया। कार्यकम में आये कवि एवं कवयित्रियों ने होली गीतों से मंच गुलजार किया। अतिथियों को अंग वस्त्र श्रीफल एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। बिन्दु प्रसाद रिद्धिमा, नीता शेखर, रेणुका झा, ऋतुराज वर्षा,रेणुबाला धार, संगीता सहाय, उमा सिन्हा, आंशिता सिन्हा, सूरज श्रीवास्तव, खुशबू वरनवाल, कामेश्वर कामेश, निराला पाठक एवं सरोज झा ने गजल सुनाया।

### तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह भंडारा के साथ संपन्न



**रांची।** बीआईटी मेसरा वास्तु विहार फेज तीन में तीन दिनों से चल रहे भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार को संपन्न हो गया। शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। दिन में एक बजे से भंडारा सह प्रसाद वितरण शुरू हुआ। प्रसाद वितरण देर रात तक चला। पांच सौ लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया । प्रसाद वितरण के साथ ही तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हो गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार को शुरू हुआ था। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई थी। दूसरे दिन दिन भर हवन व पूजन हुआ था। शनिवार की शाम बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसे सफल बनाने में सचिव राजेश मिश्रा, अपूर्वा, बीएन सिंह, रोशन चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, शशी रंजन, अमर तिवारी, मुनेश्वर प्रसाद, सुरेंद्र पंडित, सुजीत कुमार, शंकर महतो, दीपक कुमार समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। वहीं प्राण प्रतिष्ठा को सफल बनाने में दीपक कुमार, अजित पंडित, राजेश तिवारी समेत अन्य का विशेष योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

## कपिल सिब्बल ने लांच की वेबसाइट 'इंसाफ के सिपाही'

**नयी दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बेवसाइट 'इंसाफ के सिपाही' लॉन्च की है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार के अन्याय से लड़ने के लिए यह प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिब्बल ने कहा कि मेरे साथी वकीलों और गैर-बीजेपी मुख्यमंत्रियों से अनुरोध है कि इस वेबसाइट के जरिए वो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। जिससे गुलामी को खत्म किया जा सके। ये देश के लोगों के लिए है और मुझे लगता है कि मोदी भी इसका विरोध नहीं करेंगे।

## ब्रह्मपुरम वेस्ट प्लांट में लगी आग, नौसेना ने संभाला मोर्चा

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में ब्रह्मपुरम वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट में गुरुवार को लगी आग अभी तक बुझी नहीं है। शनिवार को यहां भारतीय नौसेना ने मोर्चा संभाला। नौसेना ने अपने हवाई अग्निशमन का इस्तेमाल शुरू किया है। नौसेना ने अपने एएलएच की मदद से प्रभावित इलाके में 5 हजार लीटर पानी का छिड़काव किया है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। आग ने प्लांट के काफी एरिया को अपनी जद में ले लिया है। प्लांट के आसपास का 10 किलोमीटर का क्षेत्र और शहर के कई अन्य हिस्से पूरी तरह से धुएं से ढके हुए हैं।

## यमुनानगर अस्पताल में लगी आग, 9 नवजात बच्चों को निकाला गया सुरक्षित

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर के सिविल अस्पताल के निक्कू वार्ड (चाइल्ड केयर वार्ड) में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। घटना के समय वार्ड में 9 नवजात बच्चे एडमिट थे। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग से निक्कू वार्ड में मौजूद सामान आदि पूरी तरह से जल गया। आग की वजह वहां लगे एसी में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## इंडोनेशिया : फ्यूल स्टोरेज स्टेशन में आग से दो बच्चों समेत 17 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में स्टेट एनर्जी कंपनी पर्टामिना की ओर से चलने वाले एक फ्यूल स्टोरेज स्टेशन में शुक्रवार को आग लग गई। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई, इसमें दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, आग में एक बच्चे समेत 50 लोगों के झुलसने की जानकारी सामने आ रही है। मामले की जानकारी मिलते ही दमकल की 50 यूनिट मौके पर पहुंच गईं। राहत और बचाव का काम चल रहा है। हादसे के दौरान स्थानीय लोगों ने आग में फंसे कई लोगों की जान बचाई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसा शुक्रवार रात करीब 8 बजे का है। फ्यूल स्टेशन घनी बस्ती वाले इलाके में था। इससे आसपास के कुछ घर भी आग की चपेट में आ गए। जकार्ता के कार्यवाहक गवर्नर हेरू बुडी हाटोनी ने इस मामले की जानकारी दी है।

# गलवान में घोड़ों के साथ पेट्रोलिंग कर रहे जवान

एजेंसी

**लद्दाख।** भारतीय सेना ने चीन बॉर्डर पर वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी छअउ पर निगरानी बढ़ा दी है। एजेंसी के मुताबिक लद्दाख में तैनात सेना के जवान गलवान घाटी और आस पास के इलाकों में घोड़ों से पेट्रोलिंग कर रहे हैं। सामान ढोने के लिए खच्चरों को भी इन इलाकों में ले जाया जा रहा है। इधर, सेना की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें सैनिक गलवान इलाके में क्रिकेट और आइस हॉकी खेल रहे हैं। भारतीय सेना ने इन जगहों के नाम नहीं बताए हैं, लेकिन कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह वही जगह है, जहां 15-16 जून 2020 की रात में भारत-चीन के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी।



### सेना ने कहा- हम असंभव को संभव बनाते हैं

गलवान घाटी में संघर्ष के बाद से ही दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बेहद ऊंचाई वाले इन क्षेत्रों में तैनात सैनिक टुकड़ियां सर्दियों के दौरान कई गेम्स ऑर्गेनाइज करती हैं। इसे सैनिकों की फिटनेस बरकरार रखने की एक्सरसाइज बताया गया है। नीचे दी गई तस्वीर भारतीय सेना की लेह स्थित 14वीं कोर ने शेयर की है। उन्होंने लिखा- पटियाला ब्रिगेड त्रिशूल डिवीजन ने पूरे उत्साह और शौर्य के साथ शून्य से नीचे के तापमान और बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्र में एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। हम असंभव को संभव बनाते हैं।

# दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया की रिमांड दो दिन बढ़ी

## जमानत पर 10 मार्च को होगी सुनवाई, सीबीआइ से जवाब तलब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर 10 मार्च को सुनवाई होगी। वहीं राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी रिमांड 6 मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सिसोदिया की पेशी हुई। सीबीआई ने कोर्ट से तीन दिन के लिए उनकी कस्टडी मांगी थी। कोर्ट ने उन्हें 27 फरवरी को पांच दिन के लिए सीबीआई रिमांड पर भेजा था। रिमांड की अवधि शनिवार को पूरी हो गई। राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई ने सिसोदिया की रिमांड तीन दिन तक बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा-अब क्या बाकी रह गया? सीबीआई ने कहा कि मनीष सिसोदिया से रोजाना पूछताछ हो रही है, लेकिन वे जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।



### आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इसी को देखते हुए उनकी पेशी से पहले कोर्ट के बाहर सीआरपीएफ की तैनाती की गई।

### सिसोदिया के वकील ने रिमांड का किया विरोध

मनीष सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने रिमांड बढ़ाने की सीबीआई की अर्जी का विरोध किया।कृष्णन का तर्क है कि सीबीआई द्वारा रिमांड बढ़ाने की मांग करना उचित नहीं है। सिसोदिया के वकील ने कहा कि उनकी पत्नी पिछले 20 सालों से बीमार है इसलिए उन्हें जमानत पर बाहर किया जाए।

**निचली अदालत में दाखिल की जमानत याचिका :** सिसोदिया की पेशी के चलते कोर्ट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इससे पहले शुक्रवार को सिसोदिया ने निचली अदालत ने जमानत याचिका दाखिल की थी। याचिका में उन्होंने कहा कि उन्होंने सीबीआई को पूछताछ में पूरा सहयोग किया है। जब भी उन्हें बुलाया गया, वे आए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है, वह डिप्टी सीएम के एक महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर थे और समाज में उनकी गहरी जड़ें थीं।

### 8 करोड़ वाले बीजेपी नेता का बेटा 'बाहर' और सिसोदिया 'अंदर' : अरविंद केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को कर्नाटक में अपना चुनावी अभियान शुरू कर दिया। इसके लिए दावणगेरे शहर में एक मेगा कार्यक्रम हुआ। इसमें आप संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल पहुंचे। उनके साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान भी थे। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा और मोदी सरकार को जमकर घेरा। केजरीवाल ने कहा कि कर्नाटक में बीजेपी विधायक के बेटे के यहां छापेमारी में 8 करोड़ की नकदी जब्त की गई। लेकिन उन्होंने मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया, जबकि वास्तव में उन्हें उनके घर और बैंक लॉकरों पर छापा मारने के बाद कुछ भी नहीं मिला था।

## रंगों के पर्व पर अपनी तस्वीर के साथ जारी करायें डाक टिकट




**वाराणसी।** रंगों के पर्व होली के त्यौहार को यादगार बनाने के लिए हर कोई कुछ अनूठा करना चाहता है। शनिवार को वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग की 'माई स्टैम्प' सेवा के तहत लोग होली पर अपनी तस्वीर के साथ यादगार रूप में डाक टिकट भी जारी करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पांच रुपए के डाक-टिकट, जिस पर होली के रंगों से सराबोर आपकी तस्वीर होगी, वह देश भर में कहीं भी भेजी जा सकती है। इस डाक टिकट पर बाकायदा हिंदी और अंग्रेजी में होली भी लिखा होगा और साथ में रंगों और अबीर-गुलाल के साथ गुझिया की डलिया भी। मात्र 300 रुपए के खर्च में 12 डाक-टिकटों की एक शीट वाराणसी प्रधान डाकघर स्थित फिलेटलिक ब्यूरो में बनवाई जा सकती है। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी कुछ नया चाहती है, ऐसे में नए जन्मे बच्चों की पहली होली हो या नवयुगल की पहली होली हो, इन सब पर 'माई स्टैम्प' के माध्यम से डाक टिकट जारी किया जा सकता है। गौरतलब है कि डाक विभाग द्वारा शुभ विवाह, सालगिरह से लेकर बर्थडे तक के चित्रों पर 'माई स्टैम्प' के माध्यम से डाक टिकट जारी किये जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसे लोगों ने भरपूर सराहा है।

## वाणिज्य की खबरें

### इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को नयी ग्रोथ एनर्जी देगा 2023 का बजट : पीएम मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 2023 का बजट बुनियादी ढांचा क्षेत्र को विकास की नई ऊर्जा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के विकास की प्रक्रिया में बुनियादी ढांचा विकास हमेशा एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। बुनियादी ढांचा और निवेश पर पोस्ट बजट वेबिनार में, प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में, राष्ट्रीय राजमार्गों का औसत वार्षिक निर्माण 2014 से पहले की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने आगे कहा, ह्दुर्भाग्य से, स्वतंत्रता के बाद, आधुनिक बुनियादी ढांचे पर अधिक आवश्यक जोर नहीं दिया गया। मोदी ने यह भी कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स का कायाकल्प करने जा रहा है। बता दें कि पोस्ट बजट वेबिनार केंद्रीय बजट 2023-24 के दौरान घोषित पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विचारों और सुझावों की तलाश के लिए सरकार द्वारा आयोजित 12 वेबिनार की श्रृंखला का एक पार्ट है।

### फेसबुक ने क्रिएटिव एक्सप्रेशन फीचर्स और ग्रूव फीचर किया लांच

**नयी दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के यूजर्स के लिए नए 'क्रिएटिव एक्सप्रेशन' फीचर्स लॉन्च किए गए हैं। अब फेसबुक यूजर्स 90 सेकेंड की रील बना सकेंगे, पहले सिर्फ 60 सेकेंड तक की लिमिट थी। साथ ही यूजर्स इंस्टाग्राम की तरह अपनी 'मेमोरीज' की आसानी से 'रेडी-मेड' रील बना सकते हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा ने फेसबुक पर मेटा फॉर क्रिएटर्स अकाउंट से ये अनाउंसमेंट किया। एजेंसी के मुताबिक, मेटा ने फेसबुक में एक नया ग्रूव्स फीचर भी लॉन्च किया है। यह फीचर यूजर्स के वीडियो में मोशन को गाने की बीट पर ऑटोमैटिक सिंक कर देता है। नए टेम्पलेट्स टूल से यूजर्स आसानी से ट्रेंडिंग टेम्प्लेट के साथ रील बना सकते हैं। मेटा ने फेसबुक के लिए रील बनाने वाला फीचर पिछले साल रोल आउट किया था।

### 10 गीगावाट सोलर पावर में निवेश करेगा रिलायंस, 50 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

**मुंबई।** रिलायंस आंध्र प्रदेश में 50 हजार रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और देशभर में आंध्र प्रदेश के प्रोडक्ट्स को पहुंचाने के लिए रिलायंस रिटेल, प्रदेश से कृषि, कृषि आधारित प्रोडक्ट्स और अन्य उत्पादों की अधिक से अधिक खरीदी करेगा। साथ ही रिलायंस 10 गीगावाट सोलर पॉवर प्लांट में निवेश करेगा। आंध्र प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने यह घोषणा की।

## बीजेपी एमएलए के घर से मिला 6 करोड़, कर्नाटक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कर्नाटक।** कर्नाटक कांग्रेस ने शनिवार को बोम्मई सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा विधायक के घर से 6 करोड़ रुपए कैश मिलना भ्रष्टाचार का सबूत है। कांग्रेस ने मामले को लेकर मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पर निशाना साधा और उनके इस्तीफे की मांग की। बता दें कि लोकायुक्त ने भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत मदल को 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद गिरफ्तार किया। इसके बाद लोकायुक्त ने भाजपा विधायक के आवास से 6 करोड़ रुपये नकद बरामद किए थे। घटना को लेकर राज्य में राजनीतिक बवाल जारी है। सिद्धारमैया और रणदीप सुरजेवाला समेत कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आवास के बाहर धरना दिया और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारी सीएम आवास का घेराव करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने सिद्धारमैया समेत सभी कांग्रेस नेताओं को हिरासत में ले लिया।

## बिहारी मजदूरों पर हमले की झूठी खबर फैलाने वाले 2 पत्रकारों पर दर्ज हुआ केस

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हुए हमले के आरोपों को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से एक्टिव नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश के एक भाजपा नेता और एक अनाम संपादक सहित दो पत्रकारों पर तमिलनाडु पुलिस द्वारा तमिलनाडु में उत्तर भारतीय श्रमिकों पर हमलों के बारे में ऑनलाइन झूठी और निराधार रिपोर्ट के लिए मामला दर्ज किया गया है। बिहार सरकार ने शनिवार को तमिलनाडु में एक टीम को जायजा लेने के लिए भेजा और झारखंड ने कहा कि वह ऐसा करेगा। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। तमिलनाडु सरकार द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि तमिलनाडु में सभी उत्तर भारतीय श्रमिक राज्य में शांति से रह रहे हैं। इससे पहले तमिलनाडु में कथित तौर पर बिहार के श्रमिकों पर हुए हमले पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जब अखबार के माध्यम से मुझे जानकारी मिली तो मैंने अधिकारियों से मामले के बारे में जानकारी निकालने को कहा।

## नेवी चीफ बोले- चीन से हिंद महासागर को सुरक्षित रखने के लिए हम पूरी तरह तैयार

**नयी दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि जब भी कोई तकनीक आती है तो उसे काउंटर भी जाता है। उन्होंने कहा कि हमने यूक्रेन की लड़ाई के दौरान देखा कि युद्ध में जब भी नई तकनीक आई, उसका जवाब भी दिया गया। भारत में जो भी तकनीक उपलब्ध है हम उसका उपयोग कर रहे हैं। हमने नौसेना के लिए तकनीक विकसित करने के लिए 75 चुनौतियां दी थी। उत्पादों के लिए प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए 1100 से अधिक स्टार्टअप और एमएसएमई ने प्रस्ताव दिए हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हिंद महासागर में '08 के बाद से चीनी उपस्थिति है। उनके पास '08 के बाद से एंटी-पायरेसी फोर्स है। बहुत सारे चीनी शोध पोत और मछली पकड़ने वाली नौकाएं। वे महासागर मुक्त संचालन करते हैं। जब तक वे शांतिपूर्ण गतिविधियां करते हैं, यह ठीक है। हम हिंद महासागर क्षेत्र में गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हैं।

## भारत को लोकतांत्रिक महाशक्ति के रूप में प्रदर्शित करने में मिलेगी मदद : टोनी एबॉट

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट भारत के दौरे पर है। रायसीना डायलॉग में हिस्सा लेने पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि मुझे विश्वास है कि इससे भारत को न केवल एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में बल्कि दुनिया की दूसरी लोकतांत्रिक महाशक्ति के रूप में प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह भारत के रणनीतिक और कूटनीतिक युग के आने का संकेत है। आपको बता दें कि टोनी एबॉट ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी के सदस्य हैं। उन्होंने 1994 से लेकर 2019 तक ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधि सभा में सदस्य के रूप में कार्य किया है। भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों पर टोनी एबॉट ने कहा कि यह समय के साथ और मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईसीटीए - आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता - जिसे हमने पिछले साल अंतिम रूप दिया है।

# कश्मीर : जवानों ने ड्रग पेडलर के घर मारा छापा, हेरोइन व कैश बरामद

एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर।** भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर के पुंछ सेक्टर में एक ड्रग पेडलर के घर छापेमारी की। इस दौरान दो करोड़ रूपए से अधिक की भारतीय और विदेशी करेंसी बरामद हुई है। साथ ही सात किलो हेरोइन भी मिली है। आरोपी ड्रग पेडलर छह महीने से जेल में है।

पुंछ के सीमावर्ती जिले के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि एलओसी के करीबी इलाकों में नार्को टेरर मॉड्यूल सक्रिय था। मजस्ट्रेट की मौजूदगी में अभी भी तलाशी जारी है। इस मॉड्यूल के पंजाब स्थित ड्रग तस्करों से गठजोड़ की भी बातें आ रही हैं। मंडी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। जांच जारी है।



### हेराइन की कीमत 35 करोड़

छापेमारी के दौरान 2 करोड़ 30 लाख 93 हजार रुपए, 15 हजार रुपए के अमेरिकी डॉलर, एक पिस्टल, एक मैगजीन, एसएलआर बरामद हुआ है। बरामद हेरोइन की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में करीब 35 करोड़ रुपए के आसपास है।

## फेक न्यूज पर सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा

# झूठी खबरों के कारण सच्चाई बन गयी विक्टिम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को अमेरिकन बार एसोसिएशन इंडिया कॉन्फ्रेंस 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम वर्तमान में सोशल मीडिया के दौर में जी रहे हैं। इस दौर में अगर कोई किसी की आलोचना कर दे तो वह आपको ट्रोल करना शुरू कर देता है।

उन्होंने फेक न्यूज पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फेक न्यूज बहुत तेज रफ्तार से फैलती है। इस कारण सच्चाई अब विक्टिम बन गई है। सीजेआई ने कहा कि एक झूठी बात बीज की तरह जमीन में बोई जाती है जो तर्क के मामले में कहीं नहीं टिकती, जिसे वैज्ञानिक जांच से भी नहीं रोका जा सकता है। वैश्वीकरण के युग में कानून विषय पर टिप्पणी करते हुए सीजेआई ने कहा कि वैश्वीकरण के कारण तकनीक और दुनिया के कामकाज में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण ने अपने स्वंय के असंतोष को जन्म दिया है। अब लोकतंत्र में दुनिया द्वारा एक मंदी का अनुभव किया गया है, जिसे कभी उदार माना जाता था।

### भारतीय संविधान ग्लोबलाइजेशन का प्रोडक्ट



सीजेआई ने कहा कि जब संविधान बनाया गया तो यह बड़ा परिवर्तन लाने वाला डॉक्यूमेंट था, जिसमें दुनियाभर के संविधानों का सम्मिश्रण था। भारतीय संविधान के चीफ आर्किटेक्ट डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि संविधान में सिर्फ दुनिया से प्रेरणा नहीं ली गई है, बल्कि यह देश के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह एक बेहद अनोखा भारतीय प्रोडक्ट है जो ग्लोबल भी है।

# 7 मार्च को संगमा लेंगे सीएम पद की शपथ, पीएम होंगे शामिल

एजेंसी



**त्रिपुरा।** नॉर्थ ईस्ट के तीन राज्य मेघालय, त्रिपुरा और नगालैंड में चुनावी नतीजे आने के बाद अब सरकार गठन को लेकर कवायद तेज हो गई है। मेघालय में पूर्व सीएम कोनराड संगमा को राज्यपाल फागू चौहान ने सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। 7 मार्च को संगमा राजभवन में सीएम पद की शपथ लेंगे। संगमा के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह जैसे बड़े नेता पहुंच सकते हैं। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

### त्रिपुरा में 8 मार्च को होगा शपथ ग्रहण समारोह

वहीं, मेघालय के अलावा नगालैंड और त्रिपुरा में भी शपथ ग्रहण समारोह भव्य तरीके से मनाया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा ने बताया कि त्रिपुरा में 8 मार्च को और नगालैंड में 7 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह होगा। नगालैंड में विधायकों ने सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो को एनडीपीपी का नेता चुना है।

# 1.70 लाख गमलों में खिले फूलों से टाटा मोटर्स जनरल ऑफिस को सजाया

- टाटा मोटर्स ने सर्दियों में खिलने वाले फूलों से संस्थापक जेएन टाटा को दी श्रद्धांजलि
- गमलों में खिले फूलों को जैव विविधता की थीम के साथ एक स्थान पर सजाया गया





विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा की 184 वीं जयंती पर जैव विविधता की थीम के साथ एक ही स्थान पर सर्दियों के मौसम में खिलने वाले फूलों से सजाए गए फूलों के गमलों की अधिकतम संख्या का रिकॉर्ड टाटा मोटर्स लिमिटेड, जमशेदपुर, झारखंड द्वारा स्थापित किया गया।

जैव विविधता की थीम के अनुसार, टाटा मोटर्स ने एक ही स्थान पर सर्दियों के मौसमी फूलों के गमलों को खूबसूरती से सजाया था। स्थल को असली विदेशी फूलों के गमलों की एक विस्तृत श्रृंखला से सजाया गया था, जिनकी कुल संख्या 1.7 लाख से अधिक थी और इसमें विभिन्न आकारों (6 से 12 इंच) के गमले शामिल थे, जो लंबाई में लगभग 800 मीटर और चौड़ाई में लगभग 4 से 12 मीटर के बीच फैला था। विभिन्न प्रकार के फूलों में पेटुनिया (रंग- बरगंडी, बैंगनी), गुलाब (गुलाबी, लाल, सफेद, पीला), बेगोनिया- (लाल, गुलाबी, कैडबरी), गेंदा (पीला, नारंगी, गोल्ड), फ्रेंच गेंदा- लाल, इम्पेटियन्स, साल्विया, पैन्सी, जेरेनियम, सिल्वर डस्ट, सजावटी गोभी आदि शामिल है।

सबसे पहले, जेनरल ऑफिस के सामने फूलों की सजावट के लिए डिजाइन तैयार किया गया। फिर डिजाइन के अनुसार अलग-अलग फूल, फूलों के रंग और फूलों की लंबाई चुनी गयी। 2 लाख गमले तैयार करने की शुरूआत 15 अगस्त से हो गयी थी (गमले की मिट्टी की तैयारी, उर्वरक मिश्रण, गमला भरना) और 15 सितंबर को समाप्त हुई। हालांकि, बेगोनिया लगाने का काम जुलाई में शुरू हुआ, और गमले की तैयारी का काम जून में शुरू हुआ। सर्दियों के फूल में, जो 3 मार्च के लिए पसंदीदा लोकप्रिय फूल हैं, उनमें पेटुनिया, बेगोनिया, एफएमजी, पैंसी, मैरीगोल्ड, फ़्लॉक्स, एलिसम, डहलिया, डायनथस, साल्विया, कैलेंडुला, वबेर्ना, स्टॉक्स, एंटीरहिनम और हॉलीहॉक शामिल हैं।

## श्रद्धा कपूर ने एयरपोर्ट पर लगाये ठुमके

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का लगातार प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां उन्होंने पैपराजी के साथ डांस ही नहीं किया बल्कि एक फैंस के साथ केक भी काटा है। दरअसल, 3 मार्च को एक्ट्रेस का 36वां बर्थडे था। इस खास मौके पर उनके फैंस श्रद्धा के लिए एयरपोर्ट पर केक लेकर पहुंचे थे। श्रद्धा एक मीडिया पर्सन के साथ अपनी फिल्म के गाने 'शो मी द ठुमका' पर डांस किया। श्रद्धा का ये अंदाज फैंस को काफी पसंद आया। इसके अलावा एक्ट्रेस ने एक फैन के साथ केक भी काटा है।




